Re: Construction of limited height subways at Level Crossings in Palamu Parliamentary Constituency

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू): पलामू संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत कतिपय रेलवे क्रासिंग पर L.H.S बनाने की आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि इन स्थानों की रेलवे क्रासिंग अधिकृत नही है, अतः रेलवे मंत्रालय इन स्थानों पर L.H.S बनाने के लिए इच्छुक नहीं है और मंत्रालय का कहना है कि राज्य सरकार चाहे तो इन स्थानों पर composite scheme के अन्तर्गत L.H.S बना सकती है।

उल्लेखनीय है कि एक L.H.S बनाने में 4 करोड़ से 5 करोड़ रूपये की अनुमानित राशि लगती है। रेलवे या राज्य सरकारों के लिए यह बहुत बड़ी राशि जनता को आवागमन में हो रही कठिनाइयों को देखते हुए अधिक नही लगती है।

अतः माननीय रेल मंत्री जी से माँग करता हूँ कि आकांक्षी जिलों के लिए यह कार्य मंत्रालय के द्वारा कर दिया जाय। मेरे संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत ऐसे L.H.S की आवश्यकता पलामू जिला अंतर्गत विश्रामपुर प्रखंड के लालगढ़, पंजरीकला, हैदरनगर प्रखंड के डाली, हुसैनाबाद प्रखंड के कजरात नावाडीह, सदर प्रखंड के बुढ़वापीपर एवं बखारी एवं गढ़वा जिला अंतर्गत गढ़वा प्रखंड के सोनपुरवा, नगर उटारी प्रखंड के अहिरपुरवा, मेराल प्रखंड के कुम्भी में है। माननीय मंत्री महोदय कृपया इस पर ध्यान देने का कष्ट करें ।